# बच्चों की शिक्षा और विकास में सहयोग देने के लिए मिलकर काम करना

एक अभिभावक के रूप में, आप अपने बच्चे के विशेषज्ञ हैं और उसके विकास पर आपका ही सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। यह NC इंफ़ेंट- टॉडलर कार्यक्रम (ITP) में हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्य का आधार है।

हम आपके बच्चे के लिए उन तरीकों और उन जगहों पर सेवाएं प्रदान करते हैं जहां आपका बच्चा और परिवार आमतौर पर समय व्यतीत करता है, जैसे आपके घर में, किसी चाइल्ड केयर सेंटर में या भोजन के समय।

बाल विकास सेवा एजेंसी (CDSA) के माध्यम से ITP के साथ काम करने वाले पेशेवर आपको मार्गदर्शन देंगे कि आप अपने परिवार की रोज़मर्रा की गतिविधियों का इस्तेमाल किस प्रकार कर सकते हैं, ताकि आपके बच्चे को आपकी बातचीत के माध्यम से सीखने और विकसित होने में मदद मिल सके ।

CDSA स्टाफ़ और इसके प्रदाताआपको और अन्य देखभाल-कर्ताओं को आपके बच्चे कीशिक्षा और विकास में सहायता करने के लिए कोचिंग का इस्तेमाल करते हैं।

## योजना बनाएं

प्रत्येक विज़िट की शुरुआत में,आप और आपका प्रदाता इस बारे में बात करेंगे कि विज़िट्स के बीच क्या-क्या हुआ। अपने प्रदाता को बताएं कि आपने किस चीज़ का प्रयास किया और आपके परिवारके लिए क्या चीज़ काम आई और क्या चीज़ काम नहीं आई। अपने बच्चे या अपने परिवार की स्थिति के बारे में कोई भी नई या परिवर्तित परिस्थिति साझा करें । अपनी पहली विज़िट पर , आप अपने प्रदाता के साथ एक योजना बनाएंगे । आप भविष्य की विज़िट्स के दौरान उस योजना और अपने परिवार की प्रगति की समीक्षा करेंगे ।

## अवलोकन करें

आपका प्रदाता आपके और आपके बच्चे के खेलने और बातचीत करने के तरीके का विश्लेषण करने के लिए कह सकता है। इस अवलोकन के आधार पर आपके बच्चे के विकास में सहायता करने के लिए प्रदाता आपको एक नई रणनीति दिखाने के लिए कह सकता है।

## अभ्यास करें

उसके बाद आपकी बारी है। आपका प्रदाता आपको बताई गई रणनीतियों को काम में लाने के लिए कह सकता है। साथ मिलकर, आप अपने बच्चे और अपने परिवार के लिए इच्छित परिणाम प्राप्त करने के संबंध में दैनिक दिनचर्या और गतिविधियों का इस्तेमाल करते हुए नए तरीकों को काम में लाएंगे।

## चिंतन करें

आप और आपका प्रदाता इस विज़िट के दौरान आपके द्वारा आज़माई गई रणनीतियों के बारे में बात करेंगे। आप इस बारे में बात करेंगे कि आपको क्यों लगता है कि रणनीतियां आपके काम आईं या वे क्यों काम नहीं आईं। आप मिलकर इस ज्ञान का इस्तेमाल अपने बच्चे और परिवार के लिए निर्धारित किए गए परिणामों को प्राप्त करने में करेंगे।

## प्रतिक्रिया

जब आप अपने परिवार के लिए सबसे प्रभावी रणनीति निर्धारित करने के लिए मिलकर काम करेंगे, तो आपका प्रदाता आपको प्रतिक्रिया और जानकारी देगा।

## योजना बनाएं

विज़िट खत्म होने पर आपका प्रदाता आपके साथ मिलकर यह निर्धारित करने के लिए एक योजना तैयार करेगा कि आप विज़िट्स के बीच क्या आज़माएंगे। इसके बाद, आप अपनी अगली विज़िट की योजना बनाएंगे और इस बारे में बात करेंगे कि उस दौरान आप क्या काम करेंगे।

**NC स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग • बाल और परिवार कल्याण प्रभाग •**
**प्रारंभिक हस्तक्षेप अनुभाग** • www.dhhs.gov • www.ncdhhs.gov/itp-beearly •
NCDHHS एक समान अवसर देने वाला नियोक्ताऔर प्रदाता है। • 07/2019, 09/2022, 05/2023
इस सार्वजनिक दस्तावेज़ की XXXX प्रतियां $XXX.XX या $X.XXXXX प्रति प्रति की लागत पर प्रिंट की गईं। • 00/2023

NC DEPARTMENT OF HEALTH AND HUMAN SERVICES
Division of Child and Family Well-Being